पत्रांक......113......./पी0पी0ओ0

पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार।

(बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय, पटना)

प्रेषक,

पुलिस अधीक्षक(वितन्तु),
बिहार, पटना

सेवा में,

पुलिस महानिरीक्षक(प्रोविजन)
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक- 21-08-2018

प्रसंगः- इस कार्यालय का पत्रांक-106/आर0ओ0सिगनल दिनांक-03.08.2018 ।

विषयः- निविदा सूचना संख्या-01/2018-19 का प्रकाशन प्रमुख समाचार पत्रों में नहीं होने के संबंध में।

...........

महाशय,

निदेशानुसार उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि इस कार्यालय के प्रासंगिक पत्र द्वारा निविदा सूचना संख्या-01/2018-19 दिनांक-03.08.2018 को प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने तथा वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु पुलिस मुख्यालय भेजा गया था परन्तु Information & Public Relation Departmental, Govt. of Bihar से प्राप्त सूचना में उल्लेख है कि समय कम होने के कारण निविदा आमंत्रण सूचना को लौटा दिया गया है परन्तु Police के website पर इसे upload कर दिया गया है।

अब इस निविदा में निविदा देने की एवं निविदा खोलने की अंतिम तिथि में परिवर्तन आवश्यक हो गया है। अब निविदा देने की अंतिम तिथि 20.08.2018 के 1500 बजे तक के स्थान पर दिनांक-26.09.2018 को 1500 बजे तक तथा निविदा के तकनीकी भाग खोलने की तिथि एवं समय दिनांक-20.08.2018 के 1600 बजे तक के स्थान पर 26.09.2018 के 1600 बजे संशोधित की सूचना, जो पत्र के साथ संलग्न है को Police के website पर upload करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निदेशित करने की कृपा की जाये। साथ ही संलग्न निविदा सूचना को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार सरकार को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने हेतु भेजने का भी निदेश देने की कृपा की जाये। इस निविदा में वर्णित मदों का कुल अनुमानित मूल्य पच्चीस लाख रूपये से उपर होगा।

अनुलग्नकः- यथोपरि।

विश्वासभाजन,

21/8/18

(कृष्ण मुरारी सिन्हा),
पुलिस अधीक्षक(वितन्तु),
बिहार, पटना।

प्रतिलिपिः- आई0टी0 मैनेजर, पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ कृपया। कृपया संलग्न निविदा को वेबसाईट पर अपलोड किया जाये तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,बिहार, पटना को इसे प्रमुख समाचार पत्रों प्रकाशित कराने हेतु भेजा जाये।

21/8/18

पुलिस अधीक्षक(वितन्तु)
बिहार, पटना।

Scanned by CamScanner

# बिहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, बेली रोड, पटना

## निविदा सूचना संख्या- 01/2018-19/पी0पी0ओ0 का शुद्धि पत्र सूचना

उपरोक्त निविदा सूचना में निम्न संशोधन किया जाता है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समय:- | निविदा प्रकाशित होने की तिथि से किसी कार्य दिवस में दिनांक-26.09.2018 के 1500 बजे तक। |
| 2. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- | दिनांक-26.09.2018 को 1600 बजे तक। |

निविदा के शेष सभी भाग एवं शर्त यथावत रहेंगे।

पुलिस अधीक्षक (वितन्तु),
बिहार, पटना।

पुलिस अधीक्षक (वितंतु)
बिहार, पटना

Scanned by CamScanner

# बिहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, बेली रोड, पटना

## निविदा सूचना संख्या- 01/2018-19/पी0पी0ओ0

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नामः- | पुलिस महानिदेशक का कार्यालय,बिहार, पटना। |
| 2. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पताः- | पुलिस अधीक्षक(वितन्तु), बिहार, पटना। बिहार पुलिस रेडियो,मुख्यालय, राजवंशी नगर, बेली रोड,पटना। |
| 3. | निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समयः- | निविदा प्रकाशित होने की तिथि से किसी कार्य दिवस में दिनांक- 26.09.2018 के 1500 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति का स्थानः- | विज्ञापनदाता का कार्यालय, बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय, राजबंशी नगर, पटना-800023 |
| 5. | निविदा खोलने की तिथिः- | दिनांक- 26.09.2018 को 1600 बजे। |
| 6. | मद का नामः- | बिहार राज्य के निम्नलिखित जिलों में 100 फीट सेल्फ सपोर्टेड टावर की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य। |

(1) नालन्दा जिला के हिलसा थाना एवं राजगीर थाना।
(2) गया जिला के वजीरगंज थाना।
(3) रोहतास जिला के चुटिया थाना।
(4) कैमूर जिला का रामगढ़ थाना।
(5) मुंगेर जिला का धरहरा थाना।
(6) जमुई जिला का चन्द्रमुडी,वरहट्टा एवं सिमुलतल्ला थाना।
(7) बेगूसराय जिला का तेघडा थाना।
(8) बाँका जिला का वेलहर थाना, जयपुर थाना।
(9) दरभंगा जिला का बहेरा थाना।
(10) अररिया जिला का फारबिसगंज थाना।
(11) सुपौल जिला का बीरपुर थाना।
(12) सहरसा जिला का वसनहीं थाना।
(13) मुजफ्फरपुर जिला का साहेबगंज थाना
(14) मोतिहारी जिला का ढाका थाना।
(15) गोपालगंज जिला का भोरे थाना।
(16) बेतिया जिला का सिकारपुर थाना।
(17) शिवहर जिला का भी0एच0एफ0(कन्ट्रोल) शिवहर।

100 फीट सेल्फ सपोर्टेड टावर की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य के लिए तकनीकी विशिष्टियाँ बिहार पुलिस रेडियो संगठन, राजवंशी नगर, पी0पी0ओ0 कार्यालय से निविदा समर्पित करने से 2 (दो) दिन पूर्व किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त किया जा सकेगा।

## निविदा के नियम एवं शर्त

(1) इस मद में निविदाएँ सिर्फ बिहार मे स्थित इकाईयों या राज्य के बाहर उत्पादनरत् इकाईयों के स्थानीय कारपोरेट कार्यालय/स्थानीय कार्यालय/विक्रेता/एजेण्ट/आपूर्तिकर्ता/प्राधिकृत डीलर के द्वारा ही दी जायेगी लेकिन सफल निविदादाताओं को कार्यादेश से पहले बिहार राज्य में जी0एस0टी0 पंजीकरण का प्रमाण पत्र देना होगा। अधिकृत विक्रेता/प्राधिकृत डीलर या एजेण्ट को उनके उत्पादनकर्ता फर्म का प्राधिकार पत्र समर्पित करना अनिवार्य होगा। निविदादाताओं को टावर की आपूर्ति एवं स्थापना तथा उसके फैब्रिकेशन के लिए राज्य सरकार या केन्द्र सरकार के द्वारा अधिकृत होना चाहिए।

(2) निविदाकर्ता को बिहार वित्त नियमावली के नियम-131ञ के आलोक में दो बोली प्रणाली के तहत् दो भागों में निविदा निम्नरूपेण देना होगा।

Scanned by CamScanner

(क) तकनीकी भागः- जिसमें निम्न वर्णित वाणिज्यिक शर्तों एवं प्रतिबंधों के साथ सभी तकनीकी ब्यौरा शामिल रहेगा।

(ख) वित्तीय भागः- जिसमें तकनीकी भाग में शामिल की गयी इकाईयां को इकाईवार अलग-अलग मूल्य दर्शाया जायेगा।

(3) निविदा के तकनीकी भाग में निम्नलिखित अभिलेख संलग्न होने चाहिये:- (i) बिहार राज्य में जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र (ii) पैन की छाया प्रति (iii) वित्तीय वर्ष-2015-16, 2016-17 एवं 2017-18 का आयकर रिटर्न, (iv) चार्टेड एकाउटेंट द्वारा तैयार किया गया निविदाकर्ता फर्म का ट्रेडिंग अकाउण्ट /प्रोफिट एण्ड लॉस अकाउण्ट एवं बैलेंस शीट का अभिप्रमाणित प्रति मुहर सहित, (v) टावर की आपूर्ति/फैवरीकेशन आदि के लिए राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा अधिकृत होने के प्रमाण पत्र की प्रति, (vi) संबंधित मदों के कुल संख्या के आधार पर बाजार मूल्य के दृष्टिकोण से कुल कीमत को देखते हुए निविदाकर्ता को आर्थिक एवं तकनीकी रूप से समृद्ध होना अनिवार्य है। ताकि ससमय सामग्री की आपूर्ति/स्थापना में अनावश्यक रूप से विलम्ब नहीं हों। (vii) निविदा के साथ दो करोड़ का Bank Solvency Certificate भी जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। (viii) निविदा के तकनीकी भाग में कौन-कौन से अनुलग्नक संलग्न किये गये है उसकी सूची का उल्लेख फर्म के लेटर पैड पर करना अनिवार्य होगा तथा यह भी प्रमाण पत्र देना होगा कि अनुलग्न सभी कागजात उनकी जानकारी के अनुसार सही है।

निविदा के इस भाग में फर्म द्वारा प्रस्तावित कार्य की तकनीकी विवरणी वाणिज्यिक शर्तों एवं प्रतिबंधों इत्यादि का स्पष्ट उल्लेख निविदाकर्ता द्वारा किया जायेगा। दरों की वैद्वता 31 मार्च 2019 तक होगी। निविदित मद के लिए दी जाने वाली गारण्टी अवधि का भी उल्लेख निश्चित रूप से होना चाहिए।

(4) वित्तीय भाग में, तकनीकी भाग में शामिल की गई मद का इकाईवार मूल्य निम्नलिखित ढंग से अंकित होगा - (क) प्रस्तावित कार्य का मूल्य प्रति इकाई (ख) देय जी0एस0टी0 (ग) दर एवं जी0एस0टी0 सहित नेट मूल्य प्रति इकाई अंकों एवं शब्दों में साफ-साफ टंकित रहना चाहिए। दरों में किसी प्रकार का कटिंग/ओभर राइटिंग मान्य नहीं होगा।

(5) तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग अलग-अलग लिफाफों में सीलबंद होनी चाहिए एवं उनपर तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग अंकित होनी चाहिए। दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफा में डालकर एवं सीलबंद कर इसपर निविदा एवं प्रकाशित निविदा की निविदा संख्या अंकित रहेगी। उसपर निविदाकर्ता अपना फर्म का नाम अंकित नहीं करेंगें। सीलबंद लिफाफा को उपरोक्त तिथि एवं समय तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित किया जायेगा।

(6) निविदा के साथ Earnest money deposit के रूप में 1,00,000.00/-रू0 (एक लाख रूपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट के रूप में पुलिस अधीक्षक(वितन्तु) बिहार, पटना के नाम बंधित कर जमा करना अनिवार्य होगा।

(7) आई0एस0 स्पेसिफिकेशन के मदों का नमूना किसी भी भारतीय मानक ब्यरो/एन0ए0बी0एल0 से जाँच कराकर, एजेंसी का टैग एवं सील लगाकर समर्पित करना होगा। साथ ही यह प्रयोगशाला भारत मानक ब्यरो/एन0ए0बी0एल0 में मद की जाँच हेतु मान्यता प्राप्त है, इसका प्रमाण-पत्र भी समर्पित कराना होगा। जाँच प्रतिवेदन मूल में समर्पित करना होगा।

(8) निविदा में भाग लेने वाले फर्म इस आशय का Affidavit जमा करेंगे कि उनका फर्म किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी/निजी संस्था द्वारा Black listed/Debarred नहीं किया गया है एवं Sister Concern द्वारा इस निविदा में भाग नहीं लिया जा रहा है।

(9) निविदाकर्ताओं को उपरोक्त कार्य स्वयं करने होंगे। इसके लिए अलग से कोई अग्रिम का भुगतान नही किया जायेगा। सामानों को चढ़ाने-उतारने या साईट पर ले जाने वाले खर्च का वहन भी निविदाकर्ता को स्वयं करना होगा।

(10) निविदा के तकनीकी भाग निर्धारित समय एवं तिथि को बिहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, राजवंशी नगर, पटना में खोला जायेगा। उक्त अवसर पर निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

(11) विपत्रों की भुगतान की कार्रवाई बिहार पुलिस रेडियो संगठन के तकनीकी दल के जाँचोपरान्त उनके प्रतिवेदन के बाद इस संगठन द्वारा स्वीकार करने के बाद ही प्रारंभ की जायेगी।

Scanned by CamScanner

(12) उपरोक्त किसी भी वांछित सूचना एवं अभिलेखों को शर्तों के अनुसार वित्तीय भाग एवं तकनीकी भाग में उपलब्ध नही कराये जाने पर निविदा बिना विचार किये तत्क्षण रद्द कर दिये जायेंगे। तकनीकी भाग में समर्पित अभिलेखों के आधार पर वैद्य पाये जाने वाले निविदाकर्ताओं की ही वित्तीय भाग खोली जायेगी और इस संबंध में विज्ञापनदाता का निर्णय ही सभी फर्मो के लिए बाध्यकारी होगा और इस संबंध में कोई पत्राचार मान्य नहीं होगा।

अपर पुलिस महानिदेशक, एस0सी0आर0बी0, तकनीकी सेवायें एवं आधुनिकीकरण, बिहार, पटना को यह अधिकार सुरक्षित है कि बिना कारण बताये एवं बिना किसी सूचना के किसी भी समय निविदा को रद्द कर दे अथवा निर्धारित मदों में आवश्यकतानुसार वर्णित संख्या को घटा दे या बढ़ा दे।

21/5/18

पुलिस अधीक्षक(वितन्तु),
बिहार, पटना।

पुलिस अधीक्षक (वितंतु)
बिहार, पटना

Scanned by CamScanner